आकाशवाणी चंडीगढ़

11 अप्रैल 2025, समय 1810

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत और सशक्त भारत बनाने की प्रधानमंत्री की परिकल्पना को साकार करने के लिए हरियाणा को नशा मुक्त किया जाएगा।

- हरियाणा के मान्यता प्राप्त स्कूल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को किसी एक दुकान से किताबे स्टेशनरी या स्कूल वर्दी खरीदने के लिए बाध्य नहीं करेगा।

- हरियाणा में लिंगानुपा सुधारने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिला बाल विकास के साथ मिलकर एक नई योजना सहेली शुरू की जाएगी।

- पलवल में जलभराव की समस्या व सफाई व्यवस्था की निगरानी के लिए समिति का गठन किया गया।

.............................................................................

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत और सशक्त भारत बनाने के परिकल्पना को साकार करने के लिए नशा मुक्त हरियाणा का संकल्प लिया गया है। इसके लिए सरकार के साथ-साथ युवाओं, अभिभावकों और सामाजिक संस्थाओं को साथ मिलकर नशे के खिलाफ लड़ाई लड़नी होगी।मुख्यमंत्री आज फरीदाबाद में ड्रग-फ्री हरियाणा साइक्लोथॉन को झंडी दिखाकर अगले पड़ाव के लिए रवाना करने के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि ड्रग-फ्री हरियाणा साइक्लोथॉन प्रत्येक घर-परिवार को नशे से बचाने और प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।
मुख्यमंत्री ने कहा -

उन्होंने कहा कि यात्रा को लेकर प्रत्येक गांव व शहर में इसके प्रति युवा शक्ति में जो उत्साह है, उससे स्पष्ट है कि नशे से बचने के प्रति जागरूकता लाने में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

*************************************************************

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि सरकार ने देश की जनता के लिए स्वास्थ्य सेवा को अधिक सुलभ और किफायती बनाया है। फरीदाबाद स्थित ई.एस.आई.सी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के द्वितीय दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. मांडविया ने कहा कि सभी डॉक्टरों को "राष्ट्र प्रथम" की भावना से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर देश को विकसित राष्ट्र बनाना है, तो देश के नागरिकों का स्वस्थ होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों का व्यवहार मानवता से परिपूर्ण होना चाहिए।

*************************************************************

हरियाणा के मान्यता प्राप्त स्कूल किसी एक दुकान से पाठ्य पुस्तकें, स्टेशनरी, स्कूल वर्दी खरीदने के लिए विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को बाध्य नहीं करेंगे। ऐसा करना स्कूल शिक्षा नियम 2003 का उल्लघन है। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि कोई भी स्कूल विद्यार्थियों की स्कूल वर्दी 5 साल से पहले नहीं बदल सकता। इसके अलावा स्कूल द्वारा सिफारिश की गई दुकानों से पाठ्य पुस्तक, अभ्यास पुस्तिका, लेखन सामग्री, जूते, जुराब व वर्दी इत्यादि खरीदने के लिए कोई भी विद्यार्थी बाध्य़ नहीं होगा। वह किसी भी दुकान से स्कूल सामग्री खरीद सकता है।

उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों व मौलिक शिक्षा अधिकारियों को भी शिक्षा निदेशालय द्वारा परिपत्र जारी किया गया है।शिक्षा मंत्री ने कहा कि फिर भी अगर किसी भी अभिभावक को परेशान किया जाता है तो वे ईमेल-dseps13@gmail.com या दूरभाष संख्या 01725049810 संपर्क कर सकते हैं।

*************************************************************

हरियाणा में लिंगानुपात को सुधारने के लिए स्वास्थ्य विभाग व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा कड़े कदम उठाए जा रहे हैं।राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक डॉ विजेंद्र यादव ने बताया कि जनवरी 2024 में हरियाणा का लिंगानुपात 910 था जब कि वर्ष 2023 में यह 914 था।इस सबको देखते हुए एक राज्य कार्य बल का गठन किया गया है।उन्होंने बताया कि पूर्व गर्भाधान एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक के दुरुपयोग को रोकने के लिए लगातार काम किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि राज्य में सबसे कम लिंगानुपात वाले 5 जिलों चरखी दादरी, रेवाड़ी, रोहतक, गुरुग्राम तथा फरीदाबाद के सिविल सर्जन व पी.एन.डी.टी. नोडल अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से बदल दिया गया है। तीन ऐसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैं जिनका लिंगानुपात बहुत ही कम है उन्हें चार्जशीट किया जा रहा है।

****************************************************************

पलवल में जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है। जो शहर में जलभराव की समस्या और सफाई व्यवस्था की निगरानी करेगी।मुख्यमंत्री की घोषणा से संबंधित लंबित विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों की बैठक लेने के बाद खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने यह जानकारी दी। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि आगामी मानसून मौसम में शहर में जलभराव की समस्या न हो, इसको लेकर अधिकारियों को नालों के सफाई के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि पलवल की सडक़ों को भी गड्डा मुक्त किया जाएगा। और अच्छी सड़कें बनाई जाएंगी। ताकि बरसात में जलभराव न हो। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को मानसून के दौरान मच्छरों की रोकथाम के लिए शहर में फॉगिंग करवाने और बिजली विभाग के अधिकारियों को गर्मी के मौसम में

बिजली और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पीने के पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

****************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 14 अप्रैल को हिसार से अनेक बड़ी विकास योजनाओं के शुभारंभ के साथ रेवाड़ी के बाईपास का भी वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। रेवाड़ी के उपायुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने विडिओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ बैठक की गई है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम हेतु जो भी निर्देश प्राप्त हुए उनकी तैयारियां कर ली है। उपायुक्त ने बताया कि रेवाड़ी जिला से निकल रहे राष्ट्रीय राजमार्ग 11 से राष्ट्रीय राजमार्ग 352 को जोड़ने वाले करीब 14 किलोमीटर लंबे बाईपास के निर्माण पर 1069 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है।

****************************************************************

पंचकूला के नागरिक अस्पताल में आज अंतर्राष्ट्रीय पार्किंसन दिवस के अवसर पर लोगों को इस रोग के प्रति जागरूक किया गया। वरिष्ठ डाक्टर गोपाल भारद्वाज ने बताया कि पार्किसन ऐसी बीमारी है जिसमे तंत्रिकाओं में कमज़ोरी आने लगती है और सारा शरीर अकड़ना शुरू हों जाता है। इसके अलावा हाथों में कंपन शुरू हो जाती है। उन्होंने कहा कि इन लक्षणों का पता चलते ही नजदीकी अस्तर जाकर अपनी जाँच करवानी चाइये क्यूंकि जाँच के बाद इन लक्षणों को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।